न्यायालय जिला कलक्टर, जयपुर

रामलाल बनाम अतिरिक्त जिला कलक्टर कोटपूतली व अन्य

केस संख्या 185/2022 (मुन्तकिल प्रार्थना पत्र)

दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा का विस्तृत रूप	विशेष विवरण
31.08.2022	दरख्वास्तगुजार ने अतिरिक्त जिला कलक्टर कोटपूतली जिला जयपुर के समक्ष विचाराधीन प्रकरण संख्या 70/2022 ब–उनवानी रामलाल बनाम सरकार में पीठासीन अधिकारी से न्याय मिलने में शंका जाहिर कर उक्त प्रकरण को दीगर न्यायालय में मुन्तकिल किये जाने का अनुरोध किया है। वकील प्रार्थी को सुना गया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से जाहिर है की पीठासीन अधिकारी द्वारा माननीय राजस्व मण्डल अजमेर द्वारा विचाराधीन पत्रावली दिनांक 20.10.2022 तक चाही गई है किन्तु पीठासीन अधिकारी द्वारा पत्रावली नहीं भिजवाई जाकर वास्ते अन्तिम बहस दिनांक 02.09.2022 नियत की गई है। जो न्याय के नैसर्गिक सिद्धान्तों के विपरीत है। अतः प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत मुन्तकिल प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा अतिरिक्त जिला कलक्टर कोटपूतली को निर्देशित किया जाता हैं कि माननीय राजस्व मण्डल अजमेर में आज ही वांछित पत्रावली भिजवाई जाकर पालना रिपोर्ट से इस न्यायालय को अवगत करावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो। जिला कलक्टर जयपुर	